शीर्षप्राथमिकता/विशेष ध्यानाकर्षण।

प्रेषक,

सचिव,
प्राविधिक शिक्षा परिषद,
उत्तर प्रदेश लखनऊ।

सेवा में,

प्रधानाचार्य/निदेशक,
परिषद से सम्बद्ध समस्त,
राजकीय/अनुदानित/निजी क्षेत्र की,
डिप्लोमा इन फार्मेसी की संस्थाएं।

पत्रांकः प्राशिप/अनु04/प्रयोगा0परी0/2024/3240 लखनऊः दिनांकः– 24/07/2024

विषयः डिप्लोमा इन फार्मेसी पाठ्यक्रम बैक पेपर/विशेष बैक पेपर प्रयोगात्मक परीक्षा जून–2024 सम्पन्न कराये जाने के संबंध में।

महोदय,

कृपया उपरोक्त विषयक कार्यालय द्वारा प्रेषित पत्र संख्या प्राशिप/अनु04/प्रयोगा0परी0/2024/3090, दिनांक 20.07.2024 का संदर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें। जिसके माध्यम से डिप्लोमा इन फार्मेसी पाठयकम की 614 ब्रांच के एसे छात्र/छात्राओं की प्रयोगात्मक परीक्षा जिनकी पूर्व के वर्षो में अनुपस्थिति अथवा बेक पेपर हैं से संबंधित विषय की प्रयोगात्मक परीक्षा अपकी संस्था में उपस्थिति परीक्षक से ही सम्पन्न कराने जाने के निर्देश प्रदान किये गये हैं।

उक्त के कम में अवगत कराना है कि सत्र 2023–24 अंतिम वर्ष फार्मेसी पाठयकम के अभ्यर्थी ब्रांच कोड 614 जो पूर्व में परिषद की अंतिम वर्ष परीक्षा में सम्मिलित हुए एवं थ्योरी/लिखित विषयों में 02 से अधिक विषयों में अनुत्तीर्ण हुये, किन्तु प्रयोगात्मक विषयों में उत्तीर्ण हुये ऐसे छात्र/छात्राएं **प्रयोगात्मक परीक्षा में सम्मिलित नहीं होंगे** उनके पुराने अंक ही इस सत्र 2023–24 की प्रयोगात्मक परीक्षा हेत मान्य होगें। यदि कोई अभ्यर्थी प्रयोगात्मक परीक्षा में भी अनुत्तीर्ण एवं अनुपस्थित रहा होगा तो उसकी प्रयोगात्मक परीक्षा कार्यालय द्वारा पूर्व में प्रेषित पत्र संख्या प्राशिप/अनु04/प्रयोगा0परी0/2024/3090, दिनांक 20.07.2024 के अनुसार आपकी संस्था में उपस्थित परीक्षक से ही प्रयोगात्मक परीक्षा सम्पन्न करायी जानी है। साथ ही छात्र/छात्राओं को प्रदान किये गये अंकों की प्रविष्टि परीक्षक लॉगिन पर उपलब्ध लिंक **Entry Practical Marks "Other Than List"** के माध्यम से की जायेगी।

साथ ही आपको पुनः निर्देशित किया जाता है कि लिंक Entry **Practical Marks "Other Than List"** के माध्यम से केवल उन्हीं छात्र/छात्राओं के अंकों की प्रविष्टि की जाये जो प्रयोगात्मक परीक्षा हेतु पात्र हैं एवं जो संस्था लॉगिन एवं परीक्षक लॉगिन पर उपलब्ध छात्र/छात्राओं की सूची में प्रदर्शित नहीं हो रहे हैं।

भवदीय,

(अजीत कुमार मिश्र)
सचिव।

पृ0सं0: प्राशिप/अनु04/प्रयोगा0परी0/2024/3241-43 तद्दिनांकः– 24/07/2024

प्रतिलिपिःनिम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–

1. निदेशक, प्राविधिक शिक्षा, उत्तर प्रदेश, कानपुर।
2. संयुक्त निदेशक, प्राविधिक शिक्षा, उत्तर प्रदेश, पूर्वी क्षेत्र/बुन्देलखण्ड क्षेत्र/मध्य क्षेत्र/पश्चिमी क्षेत्र, दौराला मेरठ।
3. प्रभारी कम्प्यूटर अनुभाग, प्राविधिक शिक्षा परिषद, उ0प्र0 लखनऊ को इस निर्देश के साथ कि उपरोक्तानुसार कार्यवाही करना सुनिश्चित करें।

(अजीत कुमार मिश्र)
सचिव।